## कपीश्वर मन्दिर में नागपचमी पर विशेष पूजन

सिवनी यशोः- श्रावण मास के



पवित्र माह में नाग पंचमी के अवसर पर श्री कपीश्वर मंदिर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी अकबर वार्ड में विशेष आयोजन किये जायेंगे। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार परिसर में सहस्त्रार्चन एवं महारुद्राभिषेक आगामी 21 अगस्त को प्रातः10 बजे से आरंभ हो जाएगा। इस दौरान नाग पंचमी पर विशेष पूजन सहस्त्रार्चन एवं 12 पार्थिव शिवलिंगो का महारुद्राभिषेक किया जाएगा। स पूर्ण आयोजन मंदिर के मु य पुजारी आचार्य उपेन्द्र तिवारी द्वारा विधि विधान से स पन्न कराई जाएगी, मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से पूजन में स मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का विनम्र निवेदन किया है।

## काली मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ

सिवनी यशोः- श्री अनंत विभूषित माता महाकाली मंदिर



भैरोगंज में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन 19 अगस्त शनिवार को सुबह 10 बजे से किया गया है, अखण्ड रामायण पाठ का समापन दूसरे दिन 20 अगस्त रविवार को अभिषेक, हवन पूजन, महाआरती, महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा द्य मंदिर समिति ने कार्यक्रम में समस्त श्रद्धालु जनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है ।

# स्नेह यात्रा हमारे जीवन में लाती है समरसता का भाव- ज्ञानेश्वी दीदी

### स्नेह यात्रा का हुआ भव्य स्वागतसंतों ने किया जनसंवाद

केवलारी जन अभियान परिषद के माध?यम से निकली स्नेह यात्रा का जिले के केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुरेदा बागडोगरी पांडिया छपारा मे भव्य स्वागत कर शुभारंभ किया गया। रक्षा सूत्र बांधे गए। इस दौरान संत साधवी ज्ञानेश्वरी दीदी माँ एव साधवी मनीषा दीदी द्वारा ग्राम पंचायत पांडिया छपारा के गायत्री मंदीर परिसर मे जनसंवाद भी किया गया। एवं सेवा बस्ती की दीदी सागन मेश्राम का तिलक कर रक्षा सूत्र बाधकर सभी को समरसता और स्नेह सूत्र मे बधे रहने का संदेश दिया,



एव सभी के साथ बेठकर समरसता भोज किया । स्नेह यात्रा का भव्य स्वागत, संवाद, कीर्तन, रक्षासूत्र बंधन एवं प्रसाद वितरण किया गया। साधवी ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा कि जात पात पूछे नहीं कोई हरि को भजे सो हरि को हुई स्नेह यात्रा हमें सामाजिक समरसता के भाव को लाते हुए प्रत्येक व्यक्ति में स्नेह और समरसता बनी रहे, इसके लिए पूरे मध्य प्रदेश में विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से आमजन को जोड़ने का काम प्रदेश की सरकार कर रही है।

हम सब को मिलकर एक अच्छा प्रदेश बनाने का संकल्प ले और उसने समरसता के माध्यम से गांव में सामाजिक एकता को बनाए रखें। स्नेह यात्रा ने ग्राम भरवेली, जेवनारा , सरेखा , ठुटेरा उगली में यात्रा ने भ्रमण किया। इस अवसर पर यात्रा के प्रभारी जन अभियान परिषद के जिला समन्वय सौरभ शु ला ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे नवांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार सचिव मोतिराम हरदुवा जनपद उपाध्यक्ष मोतन बाई पूनाराम चौधरी सरपंच पुष्पा देशमुख प्रेमनाथ भवदिया राधेश्याम बंदेवार रामकृष्ण डेहरिया बालक राम डेहरिया शाबरा खान राहुल चक्रवर्ती नान बाई जंघेला एवं प्रस्फूटन समिति राम कुमार मोतिचूर महेश पटले दुर्गेश नंद किशोर बिसेन नरेश चौधरी नीरज डेहिया अनिकेत बेन्दे अखिलेश तिवारी अंशुल पटैया गगन देशमुख यात्रा का रात्री विश्राम ग्राम पंचायत झोला मे किया जाना है।कल स्नेह यात्रा कल 19 अगस्त को केवलारी बोथिया अहरवाडा से खरसारू होते हुये धनोर ब्लाक के ग्राम देवरी पहुंचेगी । जहां जनसंवाद का आयोजन होगा ।

## छात्राओं को कोदो, कुटकी एंव सांवा से कुकीज बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

सिवनी यशोः- कृषक विज्ञान केन्द्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव



प्रमुख डॉ. एन.के. सिंह के मार्गदर्शन में विगत 17 अगस्त को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविघालय जबलपुर, एवं वारासिवनी बालाघाट से ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव लेने आई छात्राओं को केन्द्र के खाद्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ जी. के. राणा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष- 2023 के परपेक्ष मे श्री अन्न से बनने वाले विभिन्न उत्पाद के बारे मे जानकारी दी गई साथ ही केन्द्र पर ही कोदो, कुटकी एंव सांवा से कुकीज बनाने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने छात्राओं द्वारा बनाये गये उत्पाद का अवलोकन किया गया एवं सिवनी जिले मे कोदो, कुटकी एवं सावा प्रसंस्करण आधारित उद्योगों पर चर्चा की गयी साथ ही जिले के किसान भाईयों से श्री उन्न का उत्पादन करने एवं दैनिक जीवन मे उपयोग करने का आहवान किया गया।

## पीएम-एफएमई योजनांतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाई प्रारंभ करने को लेकर आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों को दिया गया प्रशिक्षण

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार पीएम-एफएमई योजना के अंतर्गत उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय, विकासखंड बरघाट में आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों को खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापना हेतु योजना की जानकारी देकर आवेदन की प्रक्रिया समझाई गई, कै प में 20 समूहों से लगभग 35 महिलाएं उपस्थित रही। इस कै प में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्रीमती कंचन वर्मा, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री हेमंत हेडाऊ द्वारा योजना की जानकारी दी गई एवं जिला रिसोर्स पर्सन मुकेश भारद्वाज एवं कृष्णा सनोडिया द्वारा इच्छुक समूहों के आवेदन भी किये गए। बरघाट से राकेश जोलदेव विकासखंड प्रबंधक एवं जनपद पंचायत इंस्पे टर केवल सिंह परते भी उपस्थित रहे।

# कले टर ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

## बीएलओ को दिए पुनरीक्षण कार्यो को ग भीरता पूर्ण करवाने के निर्देश

### लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित

सिवनी यशोः- सिवनी कले टर क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 18 अगस्त को बरघाट विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अरी, गंगेरूआ, झालागोंदी, अतरवानी तथा धोबीसर्रा सहित अन्य ग्रामों में स्थिति मतदान केन्द्रों का भौतिक रूप से अवलोकन कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाएं जैसे- पेयजल, बिजली, रैंप, शौचालय तथा मतदाताओं के प्रवेश एवं निकासी के लिए पृथक प्रवेश द्वार सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए। कले टर श्री सिंघल ने निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यो का भी अवलोकन कर सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यो को पूरी ग भीरता से किया जाए। अनावश्यक रूप से किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित न किया जाए। उन्होंने बीएलओ निर्देशित किया कि फॉर्म-7 में आवेदन तथा निर्धारित प्रारूप में नोटिस उपरांत ही किसी भी अपात्र मतदाता का नाम



मतदाता सूची से हटाया जाए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने नवमतदाताओं सहित सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश भी सभी बीएलओ को दिए हैं।

कले टर श्री सिंघल के निरीक्षण के दौरान ग्राम झालागोंदी सचिव दिलीप यादव द्वारा पात्रता पर्ची वितरण, अनुग्रह सहायता तथा अन्य पदेन कार्यो के निर्वाहन में लापरवाही बरतना पाये जाने पर कले टर श्री सिंघल ने सचिव श्री यादव को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

## दो बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार 18 अगस्त को से टर अधिकारी के भ्रमण के दौरान मतदान केवलारी विधानसभा के मतदान केन्द्र क्र. 262 शास. माध्य. शा. भवन कामता तथा मतदान केन्द्र क्र. 263 शास. माध्य. शाला भवन कामता मतदान केन्द्र बंद पाये जाने पर मतदान केन्द्र क्र.260 के बीएलओ श्री घनश्याम राय सहा.शिक्षक एवं बीएलओ श्री कुंजन सिंह कुशवाहा सहा.शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# सुरक्षित गर्भपात सेवाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन

सिवनी यशोः- मातृ स्वास्थ्य के अंतर्गत सुरक्षित गर्भपात सेवाएं एक महत्वपूर्ण घटक है। सुरक्षित गर्भपात सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आज दिनांक 17 अगस्त 2023 को कार्यालय में जिला स्तरीय समिति (DLC) की बैठक का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय समिति से मान्यता प्राप्त प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग होम में सुरक्षित गर्भपात सेवाएं प्रदान की जा रही हैं उनकी भी समीक्षा की गई एवं एक नई प्राइवेट हॉस्पिटल को समिति



द्वारा आज मान्यता प्रदान की गयी। HMIS पोर्टल के डेटा के आधार पर सभी शासकीय संस्थाओं में सुरक्षित गर्भपात सेवाएं प्रदायगी की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया की गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाएं अपेक्षा के अनुरूप नहीं दी जा रही है जिसे बेहतर बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए। चूँकि एमटीपी ऐ ट 1971 के तहत सुरक्षित गर्भपात सेवाएं दी जाती है, अतः डॉ यूमेंटेशन एवं रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण होता है जिस पर आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन भोपाल से आए हुए संभागीय समन्वयक श्री इरफान खान ने विस्तार पूर्वक चर्चा की।

उक्त बैठक में जिला स्वास्थ अधिकारी-1 डॉ. मनीषा सिरसाम, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश्वरी कुशराम, उपजिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी शांति डहरवाल, डीपीएचएनओ एम.एन.जोसफ, एम एंड ई उमेश बिसेन, संभागीय समन्वयक आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन भोपाल इरफान खान एवं श्रीमति कृष्णा साहू उपस्थित रहें।

# कौमी एकता कमेटी ने किया छात्र-छात्राओं का स मान

सिवनी यशोः- स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को कौमी एकता कमेटी के द्वारा जिले की कक्षा 10 वीं व 12 वीं की प्रवीण सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का स मान किया गया।

जिला मु यालय के बुधवारी तालाब घाट में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रातः 8.10 बजे कमेटी के संरक्षक हाजी परवेज अंसारी (गोल्डी) के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। झंडा वंदन कार्यक्रम के पश्चात दरबार ग्रुप द्वारा देश भक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात कौमी एकता कमेटी के द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में जिले की प्रवीण सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उपस्थित छात्र-छात्राओं को स मान पत्र एवं उपहार देकर स मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ आये पालकों का भी स मान किया गया। इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक हाजी परवेज अंसारी, अध्यक्ष असलम बाबा, पूर्व सीएमएचओ डॉ. केसी मेश्राम, प्रो. टीपी सागर, संजय यादव पुलिस विभाग, पूर्व पार्षद नब्बू खान, राजकुमार प्रजापति, हनी गुप्ता, अशोक अकेला, श्री जलज, सलाम कुरैशी, डॉ. नईम खान, विनोद यादव, जीएल भलावी, प्रहलाद बघेल, एड. राम राजेश डहेरिया, मो. हसीब, अकरम खान, युनूस खान, रामदास प्रजापति, हेमंत प्रजापति, रहीम कादरी, अखलेश नागेश्वर, गुड्डू बघेल एवं आरती गौर सहित गणमान्य नागरिक व वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सद्भावना दिवस के अवसर पर स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों ने ली शपथ



सिवनी यशोः- भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 19 एवं 20 अगस्त को अवकाश होने के कारण सद्भावना दिवस की शपथ दिनांक 18 अगस्त् 2023 को दिलाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके तारत या में आज दिनांक 18 अगस्त को मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस के अवसर पर शपथ ली।

जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसाम ने कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम प्रतिज्ञा करते है कि जाति, स प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्माक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। साथ ही हम हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्येमों से सुलझाने की शपथ लेते है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन श्रीशिव महापुराण कथा मे सहभागी बनें -अभाविप की विशाल तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

सिवनी यशोः- गुरुवार 15 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी श्री शिव महापुराण एवं विशाल तिरंगा यात्रा मे सहभागी बने।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लूघरवाडा मे पुरुषोत्तम मास के सुअवसर पर ग्रामवासियों द्वारा आयोजित संगीतमय नव दिवसीय श्री शिव महापुराण कार्यक्रम मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सहभागिता किया। इस दौरान आपने मंच पर विराजमान कथावाचक आचार्य पंडित श्री मुकेश तिवारी जी महाराज को श्रीफल व अंगवस्त्र भेंटकर स मान



किया। तथा महाराज श्री के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही शास्त्री संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर सिवनी द्वारा स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा, आशु सतनामी जिला संयोजक अभाविप, अजय पांडेय अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कॉलेज, आनंद शर्मा जिला भाजपा उपाध्यक्ष, सुजल मिश्रा नगर मंत्री अभाविप, नितेन्द्र गुड्डू बघेल पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष लखनवाड़ा, संजय सोनी नगराध्यक्ष, शुभम राजपूत, पंकज बिसेन , राजा बघेल भाजयुमो, श्रीमती राजकुमारी बरमैया पार्षद सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही

## संसदीय विद्यापीठ में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

भोपाल। पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ भोपाल में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। विद्यापीठ की संचालक डॉ. प्रतिमा यादव ने विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं।

डॉ. प्रतिमा यादव ने बताया कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह दो सत्र में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र विद्यालयीन प्रतिभागियों और द्वितीय सत्र महाविद्यालयीन प्रतिभागियों के लिये आयोजित था। अकादमी की संचालक ने बताया कि प्रथम सत्र की अध्यक्षता मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र लिटोरिया ने की। कार्यक्रम माधव राव सप्रे संग्रहालय के संस्थापक और वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री श्री विजयदत्त श्रीधर के मु य आतिथ्य में हुआ। द्वितीय सत्र के मु य अतिथि मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र भूषण थे।

वरिष्ठ पत्रकार श्री श्रीधर ने अपने उद्बोधन में पं. कुंजीलाल दुबे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को देश का कर्णधार बताया और राष्ट्रीयता की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री लिटोरिया ने युवाओं के भविष्य निर्माण में संसदीय विद्यापीठ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। मध्यप्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष श्री भूषण ने युवाओं से स्वयं के लिये न जीते हुए देश के लिये जीने का आह्वान किया। डॉ. प्रतिमा यादव ने बताया कि संसदीय विद्यापीठ द्वारा वर्षभर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, प्रोत्साहन एवं विशेष दक्षता पुरस्कार प्रदान किये गये।

# शहडोल में 23 अगस्त को स्कूटी वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## मु यमंत्री चौहान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे स्कूटी

भोपाल । मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगामी सप्ताह राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम, लाड़ली बहना स मेलन और जनदर्शन के संबंध में कले टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। मु यमंत्री चौहान 21 अगस्त को भोपाल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इसी दिन शिवपुरी जिले के पिछोर में महिला स मेलन होगा। साथ ही दतिया जिले में दतिया एयरपोर्ट के विस्तार के भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा। मु यमंत्री श्री चौहान 22 अगस्त को दतिया जिले के सेवढ़ा में महिला स मेलन को संबोधित करेंगे और शिवपुरी जिले



के पोहरी में मु यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहको सामग्री का वितरण किया जाएगा। भोपाल में 22 अगस्त की शाम मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना का महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। मु यमंत्री चौहान 23 अगस्त को शहडोल जिले में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसी दिन दमोह में महिला स मेलन में भी हिस्सा लेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान 24 अगस्त को छिंदवाड़ा में हनुमान लोक परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही रोजगार दिवस एवं महिला स मेलन का कार्यक्रम भी रहेगा। मु यमंत्री श्री चौहान इसी दिन बैतूल जिले में मु यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत सामग्री वितरित करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान 25 अगस्त को जबलपुर में महिला स मेलन को संबोधित करेंगे एवं सुराज कॉलोनी का शुभारंभ करेंगे।

मु यमंत्री चौहान ने आज समत्व भवन से वीसी द्वारा संबंधित जिलों के कले टर्स से इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर निर्देश दिए।

# मध्यप्रदेश की 100 साल पुरानी संगीत धरोहर मैहर बैंड होगी पुनर्जीवित-मंत्री सुश्री ठाकुर

### मैहर बैंड गुरुकुल की होगी स्थापना

### गुरुकुल में प्रशिक्षण का सत्र अधिकतम 2 वर्ष

भोपाल। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में 100 वर्ष पुरानी संगीत धरोहर मैहर बैंड को पुनर्जीवित किया जाएगा। गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित मैहर बैंड को ÷मैहर बैंड गुरुकुल÷ के रूप में संचालित किया जाएगा। गुरुकुल में बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खान सब की 150 दुर्लभ बंदिशों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मैहर संगीत महाविद्यालय भवन मैहर में ही संचालित गुरुकुल में प्रशिक्षणार्थी मैहर वाद्य वृंद में प्रयुक्त होने वाले सभी वाद्यों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। संगीत कला क्षेत्र का अनूठा और अद्वितीय वाद्य वृंद मैहर बैंड संगीत परंपरा का अनुपम उदाहरण है। जिसे पुनर्जीवित कर संगीत की प्राचीन परंपरा को सहेज कर आगे बढ़ने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

### प्रशिक्षणार्थियों को 10 हजार रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति

मंत्री सुश्री ठाकुर ने बताया कि गुरुकुल में प्रशिक्षण का सत्र अधिकतम 2 वर्ष का होगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को 10 हजार रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। मैहर बैंड के सेवानिवृत्त 5 संगीतकारों को प्रशिक्षण के लिए 37 हजार 500 रूपये की स मान निधि दी जाएगी। प्रारंभिक सत्र में 20 प्रशिक्षणार्थियों को चयन कर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंत्री सुश्री ठाकुर ने बताया कि गुरुकुल के द्वारा न केवल मैहर बैंड को पुनर्जीवित किया जाएगा बल्कि मैहर वाद्य वृंद में प्रस्तुत होने वाले वाद्यों का प्रशिक्षण देकर अनेक श्रेणी के मैहर बैंड भी स्थापित किया जा सकेंगे। संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन सतत किया जा रहा है जिसमें प्रदेश अग्रणी राज्य है। संगीत क्षेत्र में जानी-मानी संगीत धरोहर को आने वाली भावी पीढ़ी के लिए उपलब्ध कराना उन्हें एक सांगीतिक सौगात है। देश दुनिया के संगीत प्रेमियों द्वारा इस धरोहर का सतत लाभार्जन किया जा सकेगा।

## खाद्य पदार्थों के नमूने लिये गये

मंडला यशोः- अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत त्यौहारों एवं वर्षा ऋतु में पदार्थो में मिलावट की रोकथाम हेतु 1 अगस्त 2023 से विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, होटलों, भोजनालयों का सघन निरीक्षण किया गया। मिलावट की शंका होने पर विभिन्न खाद्य पदार्थो फल, मेथी, लौंग, जीरा, धना, हल्दी, मटर मसाला, फुल्कीपानी, खाद्य तेल, दाल आदि के नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। खुले में विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों जैसे समोसा, आलूबंडा, इडली, डोसा आदि को ढंककर रखने, साफ सफाई रखने, शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। वर्षा ऋतु एवं त्यौहारों में विक्रय किए जाने वाले खाद्य पदार्थो पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सहकारी समिति कर्मचारियों का जंगी प्रदर्शन, भोपाल में 22 को

### वेतनमान की माँग को लेकर आंदोलनरत है सहकारी समिति कर्मचारी

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ अपनी मात्र



01 सूत्रीय न्यायोचित वेतनमान की जायज माँग को लेकर निरंतर 03 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने के बाद भी शासन द्वारा उनकी माँग को तवज्जो नही दिया गया। शासन की दुष्नीति के विरोध में प्रत्येक दिवस सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा हड़ताली पंडाल में तमाम प्रकार के हथकंडे अपनाये जा रहे है। परंतु शासन द्वारा उनकी माँग को नही माना जा रहा है जिससे त्रस्त होकर महासंघ के एजेंडा अनुसार सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा दिनाँक 22 अगस्त को भोपाल में प्रदेश के 55000 सहकारी समिति कर्मचारी एकसाथ एकत्रित होकर जंगी प्रदर्शन कर एक विशाल रैली निकालेंगे।

मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ सिवनी के जिलाध्यक्ष वंशी ठाकुर द्वारा शासन की गलत नीति से निराश होकर कहा कि हमारे जिले के कई समिति कर्मचारियों को विगत 02 वर्ष से वेतन नही मिला है वे अपने परिवार का भरण पोषण किस प्रकार कर रहे है वे ही इसकी पीड़ा का अहसास कर सकते है। बिना वेतन की नौकरी करने से अच्छा तो कही मजदूरी करना उचित है, जब हम शासन के कर्मचारी ही नही तो हम शासन का काम यों करें। मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी उचित मांगों को विगत दस वर्षो से अनसुना किया जा रहा है। जबकि अल्पवेतन प्राप्त करने वाला कर्मचारी 12-12 घण्टे काम कर रहा है। बढ़ती महंगाई के चलते अब परिवार का भरण पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। 16 अगस्त से महासंघ भोपाल के आव्हान पर प्रदेश के समस्त कर्मचारी अनिश्चित कालीन आंदोलन पर है। उन्होंने अपनी एकसूत्रीय मांग को प्राथमिकता देते हुये बताया कि वर्ष 2019 में जारी पै स सेवा नियम अनुसार वेतनमान लागू किया जावे, पै स सहकारी संस्थाओं समस्त कर्मचारियों को स मिलित किया जाये।

## डीएड अ यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- जिला सिवनी मे डीएड अ यर्थीयो के द्वारा जिला



कले टर, जिला शिक्षा अधिकारी तथा आदिवासी जनजाति विभाग को ज्ञापन सौंपा गया, जिला डी एड संघर्ष समिति के अ यर्थियों द्वारा बताया गया कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय के अध्यधीन होगी ऐसा लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आदेश भी निकला गया था,परंतु मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बी एड अ यर्थी को नियुक्ति दे दी गई है जो कि न्याय संगत नहीं है जबकी प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया मे डी.एड. अ यार्थियों को प्राथमिकता दी जाये। ऐसा आदेश माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा 11अगस्त 2023 को दिया गया है इसी संदर्भ में डी.एड. अ यर्थियों ने बताया की प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया मे बी.एड. अ यार्थियों को भी शामिल किया गया है जबकी इस प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया मे प्रथम प्राथमिकता डीएड अ यर्थियों की हैं, अतः डी. एड. अ यर्थियों द्वारा प्राथमिक शिक्षक भर्ती पूरी की जाए तथा जिन बी.एड अ यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी है उनको हटाया जाए इस संदर्भ में डीएड अ यर्थि खेलन कटरे ,अरविंद साहू,नरेंद्र पारधी, मयूरी ठाकुर,प्रियंका गुप्ता गायत्री चौहान, निलम बघेल ,मुजाहिद खान सहित बहेमंत राहंगडाले ने ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगों को पूरा की जाए तथा डीएड अ यर्थियों के साथ न्याय किया जाए अपनी बात रखी।

## डॉ विजय आनंद मरावी सहित बड़ी सं या में कार्यकर्ताओ ने ली भाजपा की सदस्यता।



मंडला यशोः-भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी के समक्ष डॉ विजय आनंद मरावी सहित बड़ी सं या युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। विधानसभा बिछिया क्षेत्र के सीमांत भट्ट,आशीष तारेन्द्र शिवहरे, शंभू कटारिया, साहिल खान, शिवांक भटट, शेख कादिर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर उमेश ठाकुर, अशोक नानकानी, श्री राजेश जैन, थामन बरमैया, कृष्ण कुमार चौकसे, सुरेंद्र दुबे, प्रशांत दीक्षित, आलोक दीक्षित, अनुराग चौरसिया, सूर्यकांत जंघेला, शंभू साहू,उमेश शु ला,पूरन ठाकुर, प्रवीर तिवारी,मंजू कछवाहा, शिखा श्रीवास्तव, आशीष, झारिया, विजय नीखर, अभिषेक राय, मोहन शाह,डॉ मुकेश तिलगाम, जगत मरावी सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## औद्योगिक संभावनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला

सिवनी यशोः- विगत 17 अगस्त को कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र, सिवनी में प्रातः 11ः00 बजे चे बर ऑफ कॉमर्स / उद्योगपति / उद्योग संघों / विभिन्न शासकीय विभागों की उपस्थिति में औद्योगिक संभावनाओं एवं जिलें में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित स्थापित होने वाले उद्योग एवं गतिविधियों के संबध में कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक आर. एस. उईके, द्वारा औद्योगिक संभावनाओं पर आधारित विषयों पर चर्चा की गयी आमंत्रित प्रवक्ताओं द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. जी.के. राणा कृषि वैज्ञानिक ( खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित उद्योग) एवं डॉ निखिल सिंह कृषि वैज्ञानिक (कृषि आधारित उद्योग), उप संचालक कृषि विभाग श्री मोरिश नाथ, मत्स्य विभाग के. एल. मरावी, पशु विभाग जे.पी. शिव सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमति आशा उपवंशी वासेवार, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से नूतन उईके, प्रबंधक ( लस्टर विकास ) एवं वीरेन्द्र कुमार परते (विभाग संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गयी), रिजनल स्टेट हेड स्टार कृषि क्षेत्र से अंशुल सहारे (जिले में उपलब्ध संसाधनों पर अधारित औद्योगिक संभावनाओं की जानकारी) एवं सेडमेप से दिवाकर मिश्रा जिला समन्वयक (मार्केटिंग एवं अन्य विषय) एवं उद्योग संघ के अध्यक्ष तिलक देशमुख, चे बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य अन्य जिला स्तरीय शासकीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अमृत वाटिका महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम स पन्न

मंडला यशोः-14 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में अमृत वाटिका महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्टॉफ तथा ग्राम पंचायत अंजनिया के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एन. के. हरदहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे लिये जीवनदायनी होते है। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रभारी प्राचार्य डॉ एन. के. हरदहा के साथ समस्त स्टॉफ, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहे।

## त्रिवेणी संगम महाराजपुर से प्रारंभ होकर नैनपुर पहुंचेगी स्नेह यात्रा

### जिले में 9 विकासखंडों के 65 ग्रामों से होकर गुजरेगी

मंडला यशोः- गायत्री परिवार, रामचंद्र मिशन, पतंजलि परिवार और जिले के प्रमुख साधु-संतों की अगुवाई में म.प्र.जन अभियान परिषद् पूरे मध्यप्रदेश के 52 जिलों की 313 विकासखंडों में स्नेह यात्रा आयोजित कर रही हैं। इस आयोजन का उद्देश्य वंचित वर्ग को पुनः मु य धारा में लाने का प्रयास हैं। यह पूरी यात्रा के आयोजन स्थलों पर समाज के सहयोग से ही व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



मंडला जिले की स्नेह यात्रा गुरुवार सुबह 9.30 बजे त्रिवेणी संगम घाट महाराजपुर में माँ नर्मदा जी की आरती पूजन कर प्रारंभ हुई। जिले की इस महत्वपूर्ण यात्रा का नेतृत्व शारदात्मानंद जी महाराज (राज्य अतिथि दर्जा), श्री रामकृष्ण सेवाश्रम-देवदरा मंडला कर रहे हैं। यह यात्रा त्रिवेणी संगम घाट महाराजपुर से शुरू होकर कन्हरगांव, सालीवाड़ा होते हुए दोपहर भोजन-विश्राम मंदिर सालीवाड़ा रहा। दोपहर विश्राम पश्चात ग्राम सर्रा, मक्के, निवारी होते हुए सायं मंगलभवन नैनपुर में पहुंची। यात्रा का अनेक स्थानों में ढोल-नगाड़े, पुष्प वर्षा तथा महिलाएं कलश लेकर स्वागत कर रही हैं।

## मतदाता जागरूकता के लिए दिलाई जा रही शपथ



मंडला यशोः-जिला प्रशासन द्वारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता गतिविधियों आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में धनवाही, कालपी, जहरमरू सहित आदि ग्रामों में गांव-गांव जाकर मतदाता जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर मतदाता को उनके मताधिकार की जानकारी देते हुए उन्हें अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया। मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही हैं।

## कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

मंडला यशोः- कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार मंडला में कक्षाएँ सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित होती हैं। कक्षा ग्यारहवीं में रिक्त 26 सीटों में प्रवेश हेतु छात्राएँ अपने आवेदन पत्र के लिए समस्त अभिलेख संलग्न कर 19 अगस्त 2023 को सायं 4 बजे तक उपस्थित होकर जमा कर सकती हैं। प्रवेश केवल एसटी संवर्ग की छात्राओं को दिया जायेगा। कक्षा में प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर दिया जायेगा। पिछली कक्षा सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

## पीएम स्वनिधि योजना योजना अंतर्गत पथ विक्रेताओं का पंजीयन एवं ऋण हेतु आवेदन आंमत्रित

मंडला यशोः- पीएम स्वनिधि योजना (शहरी पथ विक्रेता) अंतर्गत शहरी क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले पथविक्रेता (रेहड़ी, पटरी, फुटकर, सब्जी, फल, फूल, फुलकी चाट, सड़क किनारे बैठकर अन्य व्यवसाय एवं हाट बाजार, साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले आदि) का नगरपालिका परिषद् मंडला में पंजीयन किया जा रहा है। पंजीकृत पथविक्रेता को 10 हजार रूपये का कार्यशील पूँजी ऋण ( बिना व्याज का) एवं 10 हजार रुपये ऋण अदा कर चुके हितग्राहियों को राशि 20 हजार एवं उसके बाद 50 हजार का ऋण शासन द्वारा बैंकों के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है। समस्त पथ विक्रेतायों से अपील है कि आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, समग्र आइडी, पासबुक, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर लेकर अपने वार्ड अंतर्गत लगाए जा रहे शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकते है।

**25 अगस्त तक शिविर का आयोजन**

मु य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि 18 से 19 अगस्त 2023 को शहरी आजीविका केन्द्र नगरपालिका का प्ले स, जिला अस्पताल उदय चौक में दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएगे। इसी प्रकार 21 से 22 अगस्त 2023 को दीनदयाल रसोई परिसर, फिल्टर प्लांट के सामने डिंडोरी रोड में दोपहर 11 बजे से 3 बजे, 23 से 24 अगस्त को नगपालिका टाउन हाल में दोपहर 11 बजे से 3 बजे तथा 25 अगस्त को नगरपालिका क्षेत्रीय कार्यालय महारापुर में दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## अपने कोर वर्क में फोकस करें राजस्व अधिकारी - डॉ सिडाना

**समीक्षा बैठक में कले टर के निर्देश**

मंडला यशोः- राजस्व अधिकारियों की बैठक में कले टर डॉ सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी कोर वर्क में फोकस करें। न्यायालयों में सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारा के दर्ज प्रकरणों की समय पर सुनवाई करते हुये उनके जल्द निराकरण का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रकरण को स्वीकृत करते समय ही आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करें ताकि निराकरण में अनावश्यक विल ब न हो। कोई भी प्रकरण अधिक तक ल बित



नहीं रहना चाहिये। जिला योजना भवन में स पन्न हुई बैठक में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर हुरेन्द्र घोरमारे, समस्त एसडीएम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कले टर ने कहा कि सीमांकन के लिये रोबर मशीन का ही उपयोग करें। उन्होंने इस संबंध में विभागीय अमले को प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिये। नैनपुर में सीमांकन के अत्यधिक प्रकरण ल बित होने पर कले टर ने अप्रसन्नता जाहिर की। डॉ सिडाना ने कहा कि मु यमंत्री आवासीय भू अधिकार का कार्य जल्द तक पूर्ण करें। पात्र एवं अपात्र व्यक्तियों की सूची संबंधित पोर्टल पर अंकित करें। इसी प्रकार धारणाधिकार के आवेदनों में 30 अगस्त तक जांच की कार्यवाही पूर्ण करें। इस संबंध में उन्होंने संबंधित निकायों से समन्वय कर गति लाने निर्देश दिये। कले टर ने कहा कि स्वामित्व योजना में शत प्रतिशत ग्राउण्ड ट्रूथिंग पूर्ण करते हुये आरओआर की एंट्री करें। तकनीकि त्रुटि वाले ने शों के लिये संबंधित कार्यालय से समन्वय करें। बैठक में कले टर ने राजस्व विभाग तथा निर्वाचन से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुये आवश्यक निर्देश दिये।

## ग्राम पखवार, बसनी, सठिया में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बुधवार को कले टर ने किया था इन ग्रामों का भ्रमण**

मंडला यशोः- कले टर डॉ सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार 17 अगस्त को जिला चिकित्सालय मण्डला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई की मेडिकल टीम द्वारा पखबार, बसनी एवं सठिया में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोरोसिस निवारण एवं नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत लोरोसिस से ग्रसित मरीजों की जांच कर उन्हें चिन्हित कर उनके पेशाब की जांच कर उनका कंफर्मेशन कर उपचार प्रदान करने एवं जल स्त्रोतों की जांच कर लोराइड युक्त जल स्त्रोतों को बंद कर समुदाय में पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था




करना इस शिविर का मु य उद्देश्य था। कले टर डॉ सलोनी सिडाना ने बुधवार को इन ग्रामों के भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण तथा जल स्त्रोतों की जॉच तथा ब्लीचिंग आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।

मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीनाथ सिंह ने बताया कि ग्राम पखवाड़ा में 106 मरीज का परीक्षण किया गया एवं उनमें 7 बच्चों को संभावित लोरोसिस के हल्के लक्षण पाए जाने पर उनके यूरीन सैंपल कंफर्मेटरी जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। इसी क्रम में बसनी में 155 ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं 5 संभावित लोरोसिस मरीज एवं सठिया में 48 ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं संभावित लोरोसिस मरीज के यरिन सैंपल कंफर्मेटरी जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। इसी प्रकार ईई पीएचई मनोज भास्कर ने बताया कि तीनों ग्रामों के 45 जल स्त्रोतों का जल लोराइड परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया। शिविर में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीनाथ सिंह, मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मवई कपिल तिवारी, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मवई ए.के. जोशी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## 'आपदा प्रबंधन कार्यशाला' स पन्न



मंडला यशोः-17 अगस्त 2023 को शासकीय महाविद्यालय अंजनिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'आपदा प्रबंधन कार्यशाला' का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा की अध्यक्षता में जिला मु यालय होमगार्ड के प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें बाढ़, आग, सर्पदंश, भूकंप आदि परिस्थितियों मे प्रबंधन किस तरह किया जाए इस संबंध में जानकारी के साथ आग बुझाने के तरीके बताए गए एवं छात्रों से अ यास भी करवाया गया। साथ ही आपदा उपकरणों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297